भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3738**
**12 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए**

**बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान का स्थानांतरण**

3738. श्री प्रदीप पुरोहितः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान (बीपीएनएसआई) को जाजपुर जिले के कलिंग नगर स्थित उसके वर्तमान परिसर से स्थानांतरित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बीपीएनएसआई को विश्वस्तरीय संस्थान बनाने की सरकार की योजना का ब्यौरा क्या है; और

(घ) स्थायी परिसर के निर्माण के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है और इसे पूरा करने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

इस्पात मंत्री (श्री एच. डी. कुमारास्वामी)

(क) से (ग): बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान (बीपीएनएसआई) की स्थापना ओडिशा राज्य में इस्पात क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए की गई थी। बीपीएनएसआई को सुदृढ़/विस्तारित करने के लिए, हाल ही में सेल, भिलाई में एक क्षेत्रीय केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। संस्थान के निदेशक मंडल संस्थान के उद्देश्य, पाठ्यक्रम और वित्तीय आवश्यकताओं आदि की देखरेख के लिए उत्तरदायी है।

(घ): इस्पात मंत्रालय से इस प्रयोजन के लिए कोई निधि आवंटित नहीं की गई है।

**********